पंजाब केसरी 30/10/2025

# 'भगवद् गीता और हमारा संविधान' विषय पर हुआ ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान

अम्बाला, 29 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज के संस्कृत एवं लोक प्रशासन विभाग द्वारा हिन्दी, राजनीति शास्त्र एवं एन.एस.एस. इकाई के संयुक्त तत्वावधान में 'भगवद् गीता और हमारा संविधान' विषय पर एक ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने की। इस व्याख्यान में भारतीय दर्शन और संवैधानिक मूल्यों के बीच के गहरे संबंधों पर विचार किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आर.के.एस.डी. कॉलेज कैथल में राजनीति शास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. रवीन्द्र कुमार गुप्ता ने कहा कि भगवद् गीता के आदर्श 'कर्त्तव्य, न्याय, समानता और निष्ठा' हमारे भारतीय संविधान के मूल सिद्धांतों में प्रतिध्वनित होते हैं। यह व्याख्यान विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए प्रेरणास्पद रहा, क्योंकि उनके वक्तव्य ने भारतीय विचारधारा की नैतिक जड़ों और आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्था के आदर्शों के बीच सेतु का कार्य किया।




'भगवद् गीता और हमारा संविधान' विषय पर ऑनलाइन विस्तार व्याख्यान करते वक्ता।

कार्यक्रम के आयोजन में संस्कृत विभाग की प्रियंका बाल्दिया, लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष डॉ. के.के. पूनिया, राजनीति शास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. एस.एस. नैन, हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता तथा एन.एस.एस. इकाई से डॉ. पिंकी गुप्ता एवं डॉ. सी.पी. पूनिया की प्रमुख भूमिका रही।

इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संविधान के नैतिक और दार्शनिक पक्षों की गहन समझ विकसित करना तथा गीता के सार्वभौमिक सन्देश को सामाजिक उत्तरदायित्व और नागरिक कर्त्तव्यों से जोड़ना था। इस व्याख्यान के माध्यम से प्रतिभागियों को भारतीय संस्कृति की गहराई और लोकतांत्रिक मूल्यों की संगति का अनुभव प्राप्त हुआ।